


# षोडश बिहार विधान सभा

## द्वितीय सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-16 शुक्रवार, दिनांक-18 मार्च, 2016 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.25 बजे अप० तक ।

[1] अन्य चर्चा :-

''प्रश्नोत्तर काल शुरू होते ही माननीय नेता विरोधी दल, श्री प्रेम कुमार द्वारा राज्य में बढ़ते अपराध पर सरकार से वक्तव्य की माँग की गई । भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) के माननीय सदस्यगण भी रसोइयों का मानदेय बढ़ाने की माँग करने लगे । आसन द्वारा कहा गया कि सही समय पर समस्या को उठाया जाय ।''

[2] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 33 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 01 तारांकित प्रश्न सं०-1754 गृह (विशेष) विभाग में स्थानांतरित ।

(iii) 01 तारांकित प्रश्न सं०-1757 जल संसाधन विभाग में स्थानांतरित ।

(iv) 01 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ ।

(v) 116 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[3] कार्यमंत्रणा समिति की बैठक :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज दिनांक 18 मार्च, 2016 को सदन के प्रथम पाली की समाप्ति के तुरंत बाद कार्यमंत्रणा समिति की बैठक उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में होगी ।

[4] कार्यस्थगन :-

माननीय सदस्य श्री विनोद कुमार सिंह, श्री मिथिलेश तिवारी, श्री अशोक कुमार सिंह, श्री विजय कुमार सिन्हा, श्री विजय कुमार खेमका, श्री विद्यासागर केशरी एवं श्री अरुण कुमार सिन्हा से प्राप्त कार्यस्थगन की सूचना नियमानुकूल नहीं होने के कारण आसन द्वारा अमान्य किए जाने की घोषणा की गयी ।

[5] <u>शून्यकाल</u> :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया :-

| | |
|---|---|
| (i) श्री अशोक कुमार सिंह | (ii) श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह |
| (iii) श्री वशिष्ठ सिंह | (iv) श्री सत्यदेव राम |
| (v) श्री महबूब आलम | (vi) श्री सुदामा प्रसाद |
| (vii) श्री मो० नेमतुल्लाह | (viii) श्री विनोद प्रसाद यादव |
| (ix) श्री केदार गुप्ता | (x) श्री अमित कुमार |
| (xi) श्री समीर कुमार महासेठ | (xii) श्री (डॉ०) रामेश कुमार |

[6] <u>ध्यानाकर्षण सूचनाएँ</u> :-

(i) माननीय सदस्य श्री विजय शंकर दूबे एवं अन्य सभासदों का कृषि विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, श्री राम विचार राय द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री श्याम रजक का समाज कल्याण विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, श्रीमती कुमारी मंजू वर्मा द्वारा इसके उत्तर के लिए समय लिया गया ।

[7] <u>सभा मेज पर कागजात का रखा जाना</u> :-

(i) माननीय प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के बिहार सरकार का 31 मार्च 2015 को समाप्त हुए वर्ष का अंकेक्षण प्रतिवेदन (1)"राजस्व प्रक्षेत्र", (2) "सामान्य, सामाजिक एवं आर्थिक प्रक्षेत्र" तथा (3) "राज्य का वित्त" की एक-एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया तथा इसके जनता में बिक्री के लिए प्राप्य हो का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया जो सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

(ii) माननीय प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग, श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के बिहार सरकार का 31 मार्च 2015 को समाप्त हुए वर्ष का सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों पर प्रतिवेदन की एक-एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया तथा इसके जनता में बिक्री के लिए प्राप्य हो का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया जो सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

(iii) माननीय प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग, श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा वित्तीय वर्ष 2016-17 के परिणाम बजट प्रतिवेदन की प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

(iv) माननीय प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग, श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा वित्तीय वर्ष 2016-17 के जेण्डर बजट की प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

(v) माननीय प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग, श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा वित्तीय वर्ष 2016-17 के बाल कल्याण योजनाओं के लिए बजट प्रतिवेदन की प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

(vi) माननीय प्रभारी मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, श्री अब्दुल गफूर द्वारा बिहार राज्य अल्पसंख्यक वित्तीय निगम का वर्ष 2010-11 का वार्षिक प्रतिवेदन की प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

"इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी विभिन्न मांगों को लेकर वेल में आ गए ।"

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

<u>भोजनावकाश के बाद</u>

(02.00 बजे अप० से 5.04 बजे अप० तक)

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

[8] कार्यमंत्रणा समिति का प्रतिवेदन :-

विपक्ष के मुख्य सचेतक श्री अरूण कुमार सिन्हा द्वारा कार्यमंत्रणा समिति का प्रतिवेदन सदन में प्रस्तुत किया जिसपर सदन की सहमति हुई ।

[9] वित्तीय कार्य :- वित्तीय वर्ष 2016-2017 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, वित्त विभाग तथा पेंशन] पर वाद-विवाद एवं मतदान :-

माननीय प्रभारी मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, श्री अवधेश कुमार सिंह द्वारा पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग से संबंधित अनुदान की माँग का प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री विजय कुमार सिन्हा ने कटौती का प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत किया एवं अपना पक्ष रखा ।

सदन में प्रस्तुत अनुदान की माँग पर वाद विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री मिथिलेश तिवारी (ii) श्री मुंद्रिका सिंह यादव

(इस अवसर पर माननीय अध्यासी सदस्य डॉ० अशोक कुमार ने आसन ग्रहण किया ।)

(iii) श्री जनार्दन मांझी (iv) श्री संजीव चौरसिया

(v) श्रीमती अमिता भूषण (vi) श्री अरूण कुमार

(vii) श्री सुबेदार दास (viii) श्री सत्यदेव सिंह

(ix) श्री प्रकाश राय (x) श्री मनोहर प्रसाद सिंह

(xi) श्री सुनील कुमार (xii) श्री मेवा लाल चौधरी

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

(xiii) श्री ललन पासवान (xiv) श्री दिनकर राम

(xv) श्री अमित कुमार

''सरकार का उत्तर प्रारंभ होने के पूर्व ही विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।''

तत्पश्चात् सरकार की ओर से माननीय प्रभारी मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, श्री अवधेश कुमार सिंह द्वारा वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

तत्पश्चात् माननीय सदस्य श्री विजय कुमार सिन्हा का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ तथा पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग से संबंधित अनुदान की माँग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ ।

[10] अन्य चर्चा :-

''माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कहा कि कटौती प्रस्ताव पेश करने वाले माननीय सदस्य इसको प्रेस करने के लिए उपस्थित नहीं हों तो वैसी स्थिति में आसन से इस प्रस्ताव को इनफ्रक्चुअस घोषित किया जाना चाहिए और मूल प्रस्ताव को ले लेना चाहिए । इस पर नियम समिति में विचार किया जाना चाहिए ।''

''आसन द्वारा कहा गया कि सदन में मोशन मूव हो जाने के उपरान्त उक्त मोशन को सदन में स्वीकृति / अस्वीकृति के लिए रखने की परम्परा है परन्तु इस विषय पर विचार किया जायेगा ।''

[11] निवेदन :-

आसन द्वारा घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल-34 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक सोमवार, दिनांक 21 मार्च, 2016 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-18 मार्च, 2016

राजीव कुमार
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।